कोटा के नितिन सैनी ने 'नॉर्थ केप-4000' सफलतापूर्वक पूरी की

- नॉर्थ केप 4000- अत्यंत चुनौतीपूर्ण, लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय साइकिल रेस
- कोटा के साईकिलिंग प्रेमी नितिन सैनी का सपना साकार सात देशों में 4200 किमी की साइकिल यात्रा की पूर्ण

कोटा, (निसं)। कोटा के साइकिलिंग प्रेमी नितिन सैनी ने अपनी अद्वितीय क्षमता और साहस का परिचय देते हुए नॉर्थ केप 4000 साईकिलिंग इवेंट को सफलतापूर्वक पूरा किया है। यह इवेंट, यूरोप के 7 देशों में 4200 किमी की साईकिल यात्रा के लिए प्रसिद्ध है। 4200 किलोमीटर के अनसपोर्टेड बाय साईकिलिंग एडवेंचर का यह सातवां संस्करण था, जिसमें विभिन्न देशों के टॉप 300 साईक्लिस्ट ने भाग लिया और विश्व के 150 लोग सहित कोटा के 42 वर्षीय नितिन सैनी ने इसे सफलतापूर्वक पूर्ण किया है।

नितिन सैनी ने बताया कि यह 20 दिन की अत्यंत चुनौतीपूर्ण, लंबी दूरी की साईकिल रेस की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। यह रेस इटली के रोवरेटो से प्रारंभ होकर ऑस्ट्रिया, जर्मनी, डेनमार्क, स्वीडन, फिनलैंड होते हुए नॉर्वे के उत्तरी छोर, नॉर्थ केप तक पहुंचती है। इसके नियमानुसार प्रतिभागी किसी भी प्रकार की बाहरी मदद नहीं ले सकता है और उन्हें निर्धारित समय सीमा 20 दिन में नॉर्वे के नॉर्थ केप पहुंचना था। विभिन्न यूरोपीय देशों से होकर गुजरती अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का सफल बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। विविध मौसम परिस्थितियाँ, पहाड़, मैदान, तटीय क्षेत्र, लंबी दूरी और शारीरिक थकान की चुनौतियों से इसका सामना करना पड़ा। शारीरिक मजबूती, मानसिक दृढ़ता, साईकिलिंग प्रेम, सहनशक्ति, रणनीति और साहस व अनुभव के दम पर इस रेस की चुनौतियों को पूर्ण कर सका। नितिन सैनी ने बताया कि यात्रा के दौरान उन्होंने 36,000 मीटर की ऊँचाई को पार करते हुए पहाड़ों, घाटियों और ठंडी हवाओं का सामना किया। 20 दिन के सफर में 35 डिग्री के तापमान से लेकर 05 डिग्री के तापमान तक में साईकिलिंग की। दिन और रात में साईकिलिंग कर 4200 किमी की यात्रा को पूर्ण किया।

कोटा के नितिन सैनी ने इटली के रोवरेटो में प्रारंभ हुई यात्रा को नॉर्वे के नॉर्थ केप पहुंचकर पूर्ण किया।

इस सफर में कभी खाना के लिए भोजन तो रात में नींद को भी छोड़ना पड़ा। 20 जुलाई को इटली के रोवरेटो में प्रारंभ हुई यात्रा 10 अगस्त को नॉर्वे के नॉर्थ केप पहुंचकर पूर्ण हुई। इस चुनौतीपूर्ण साईकिल यात्रा पूर्ण करने में परिवार उनकी हिम्मत व प्रेरणा रहा। उन्होंने पिता ईश्वर लाल सैनी के मार्गदर्शन व अटूट विश्वास एवं पत्नी अंशु सैनी द्वारा समय-समय पर दिए गए हौंसले एवं सलाह व हमेशा पीछे खड़े रहने की ताकत को सफलता का राज बताया। ईश्वरलाल सैनी ने बताया कि इस यात्रा के दौरान एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया, जिसमें कोटावासियों पूरी यात्रा में नितिन के अनुभवो को साझा करते रहे और उसका हौसला बढ़ाते रहे। ग्रुप में निरंतर सदस्यों की संख्या बढ़ती रही और लोग नितिन के जज़्बे की तारीफ कर उसका हिम्मत बढ़ाते रहे।

यह कीर्तिमान है नितिन के नाम:-इससे पहले भी नितिन कई अंतरराष्ट्रीय इवेंट्स में हिस्सा ले चुके हैं। जिनमें लंदन-एडिनबर्ग-लंदन 1500 किमी, कश्मीर से कन्याकुमारी 3700 किमी की यात्रा, 90 किमी की रनिंग इवेंट 'कॉमरेड्स' दक्षिण अफ्रीका में, पेरिस-ब्रेस्ट-पेरिस 1200 किमी की साइकिलिंग और थाईलैंड का इसान बाईक 2000 किमी इवेंट शामिल हैं। हर एक इवेंट ने उनकी सहनशीलता, धैर्य और मानसिक मजबूती को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया है।

भव्य स्वागत-जब नितिन कोटा वापस लौटे, तो उनका भव्य स्वागत किया गया। उनके दोस्तों, परिवार और साईकिलिंग समुदाय के सदस्यों ने उनका अभिनंदन किया और उनकी इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। कोटा के लिए यह एक गर्व का क्षण है, जब नितिन सैनी ने अपनी मेहनत, दृढ़ संकल्प और जुनून से नॉर्थ केप 4000 जैसी कठिन चुनौती को पूरा किया। उन्होंने न केवल अपने शहर बल्कि पूरे देश का नाम विश्व पटल पर अंकित किया है।

ट्रैफिक पुलिसकर्मियों में छातों का वितरण

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सामाजिक सरोकार कार्य से प्रेरित होकर रेड क्रोस सोसायटी प्रदेश अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन एवं ट्रैफिक उपाधीक्षक कमल मीणा के सानिध्य में घोड़े वाले बाबा चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों में छातों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश कृष्ण बिरला ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस कर्मी दिन रात धूप, बरसात में चौराहों पर खड़े होकर, अपनी जिम्मेदारी को निभाते है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला हमेशा सामाजिक सरोकार के कार्य करते आये है। लोकसभा अध्यक्ष से प्रेरणा लेकर शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की परेशानी को देखते हुए, इनमें छातों का वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सेवाकार्यों से कोटा-बूंदी लोकसभा ही नहीं अपितु पुरे भारत देश के आमजन परिचित है, जिसकी चर्चा स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी करते है। वो हमेशा आमजन के दुख दर्द में सहभागी रहे है। वो आमजन की पीड़ा को समझते है। चौराहे पर दिन रात हर मौसम में अपनी जिम्मेदारी को निभाने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की समस्याओं को समझते हुए, स्पीकर ओम बिरला की प्रेरणा से छातों का वितरण किया गया। ट्रैफिक उपाधीक्षक कमल मीणा ने अपने संबोधन मे कहा कि स्पीकर ओम बिरला के प्रेरणा से आज जो यह छाते ट्राफिक पुलिसकर्मियों को बांटे गये, ये इनको दोपहर में कड़ी धूप, बरसात से राहत प्रदान करेंगे।

हिन्दी सप्ताह 18 सितम्बर से

कोटा, (निसं)। मंडल में 18 से 25 सितबंर तक हिन्दी सप्ताह-2024 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कोटा मंडल कार्यालय के सभागृह में हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हिन्दी सप्ताह-2024 में राजभाषा प्रयोग एवं प्रसार के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित करने और कर्मचारियों एवं अधिकारियों को राजभाषा हिंदी के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी के मार्गदर्शन एवं राजभाषा अधिकारी (प्रभारी) कोटा के नेतृत्व में अधिकारी वर्ग के लिए राजभाषा प्रश्नमंच, हिन्दी वाक् इवं भाषा ज्ञान प्रतियोगिता एवं राजभाषा प्रश्नमंच, सम्पर्क कार्यक्रम से सप्ताह का सपापन किया जायेगा।

कोटा विकास प्राधिकरण

क्रमांकः एफ 7/डी.टी.पी./2024/1705-09 **विज्ञप्ति** दि. 04.09.2024

राज्य सरकार द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन के बनाये गए नियमों/प्रपत्रों के अन्तर्गत एवं राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के क्रम में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भू-उपयोग परिवर्तन प्रकरण, भू-उपयोग परिवर्तन करने हेतु न्यास मे विचाराधीन है, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है, के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस मे कोटा न्यास कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जा सकेगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड/खसरा सं. व योजना/ ग्राम का नाम	लीज डीड/मास्टर प्लान अनुसार भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल (वर्गमीटर मे)
1.	श्री ओमप्रकाश मालव एवम् सीमा मालव	भूखण्ड संख्या 838 (कार्नर) योजना सुभाष नगर आवासीय योजना	लीज डीड अनुसार व मास्टर प्लान अनुसार आवासीय एवं जोनल प्लान अनुसार मिश्रित	मिश्रित	409.50

सचिव कोटा विकास प्राधिकरण

कार्यालय वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक, रीको, इन्द्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र, कोटा

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या ए-98 (डी), औ.क्षे. इन्द्रप्रस्थ, कोटा मैसर्स पवन इण्डस्ट्रीज, प्रो. श्री शंकरलाल जैन, क्षेत्रफल 1321 व.मी. का आवंटन दिनांक 16.09.2002 को व लीजडीड का निष्पादन दिनांक 25.09.2002 को करवाया गया। उक्त भूखण्ड/फर्म के प्रोपराईटर श्री शंकरलाल जैन थे, जिनका देहान्त दिनांक 04.05.2021 को हो चुका है तथा उनके वारिसान पुत्र श्री पवन कुमार जैन द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बंधपत्र एवं पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 19.09.2011 दस्तावेज प्रेषित कर इस भूखण्ड संख्या ए-98 (डी), औ.क्षे. इन्द्रप्रस्थ, कोटा के लीजहोल्ड राईट्स का हस्तान्तरण स्वयं अर्थात् श्री पवन कुमार जैन के पक्ष में हस्तान्तरित करने का निवेदन किया है। इस भूखण्ड संख्या ए-98 (डी), औ.क्षे. इन्द्रप्रस्थ, कोटा के लीजहोल्ड राईट्स पंजीकृत वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बंधपत्र के आधार पर श्री पवन कुमार जैन के पक्ष में हस्तान्तरण की अग्रिम कार्यवाही अमल में लाये जाने के पूर्व इस आम सूचना के जरिये सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अगर किसी भी व्यक्ति/फर्म अथवा सरकारी/अर्द्ध सरकारी संस्थान अथवा वितीय संस्थान को भूखण्ड संख्या ए-98 (डी), औ.क्षे. इन्द्रप्रस्थ, कोटा के हस्तान्तरण के सम्बंध में किसी प्रकार की यदि कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय दस्तावेजी सबूत के साथ व्यक्तिशः उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। कृपया विदित रहे कि दी गई मियाद निकलने के पश्चात् प्राप्त हुई किसी भी शिकायत/आपत्ति पर कोई गौर नही फरमाया जायेगा और नियमानुसार प्राप्त उपरोक्त अंकित आवेदन पत्र/दस्तावेजों पर इस कार्यालय द्वारा नियमानुसार भूखण्ड के हस्तान्तरण की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। **वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक, रीको, कोटा**

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक-3234 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 29.8.24

आवास संख्या 1-ध-26 दादाबाडी विस्तार योजना, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री अमरलाल वाधवानी पुत्र श्री मोहनलाल वाधवानी को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री ओम प्रकाश गर्ग पुत्र श्री उदय शंकर गर्ग के नाम दिनांक 18.05.1995 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री ओम प्रकाश गर्ग पुत्र श्री उदय शंकर गर्ग द्वारा दिनांक 27.06.1995 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरान्त श्री ओम प्रकाश गर्ग पुत्र श्री उदय शंकर गर्ग द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 02.12.1995 को श्री मदन मोहन चतुर्वेदी पुत्र श्री विष्णु प्रसाद चतुर्वेदी को किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री मदन मोहन चतुर्वेदी की मृत्यु दिनांक 24.01.2001 को व इनकी पत्नी श्रीमती पुष्पा बाई की मृत्यु दिनांक 27.03.1998 को हो चुकी है। श्री मदन मोहन चतुर्वेदी पुत्र श्री विष्णु प्रसाद चतुर्वेदी द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 16.12.1995 को श्री नरेन्द्र गौत्तम पुत्र श्री मदन लाल गौत्तम के पक्ष में आलेखित की गई। श्री नरेन्द्र गौत्तम पुत्र श्री मदन लाल गौत्तम द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-ध-26 दादाबाडी विस्तार योजना कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्री नरेन्द्र गौत्तम पुत्र श्री मदन लाल गौत्तम के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री नरेन्द्र गौत्तम पुत्र श्री मदन लाल गौत्तम के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तान्तरण/प्रतिस्थापन श्री नरेन्द्र गौत्तम पुत्र श्री मदन लाल गौत्तम के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/नपारा/भूमि/2024-25/2614 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांकः-5.9.24

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कैलाश चन्द पिता स्व. श्री पुनमचन्द निवासी रावतभाटा ने ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर नया बाजार आवासीय योजना अन्तर्गत आवंटित आवासीय भूखंड संख्या 193 साईज 40x50 क्षेत्रफल 2000 वर्गफीट जो नया बाजार भूमि आवंटन समिति की ओर से अधिशाषी अभियन्ता राणा प्रताप सागर एवं भण्डार खण्ड रावतभाटा द्वारा श्री पुनमचन्द पिता श्री शंकरलाल धोबी निवासी रावतभाटा को इकरारनामे के तहत लीज होल्ड के आधार पर इकरार दिनांक 09.11.1984 के अंतर्गत लाईसेन्स (पट्टा) क्रमांक 3950 दिनांक 09.11.1984 से इकरारनामों में उल्लेखित शर्तों के अधीन आवंटित की गई थी। इसके उपरांत आवंटी श्री पुनमचन्द पिता श्री शंकरलाल का देहान्त दिनांक 15.08.2018 को हो जाने के उपरांत उनके वैध वारिसान यथा श्री सुरेशचन्द्र, श्री कैलाशचन्द्र, श्री संजु कुमार, श्रीमती कमला बाई, श्रीमती मीना, श्रीमती संगीता, श्रीमती तारा बाई पिता स्व. श्री पुनमचन्द के पक्ष में अधिशाषी अभियन्ता रा.प्र.सा. एवं भंडार खंड रावतभाटा द्वारा दिनांक 05.12.2023 को श्रीमान उप पंजीयक भैसरोडगढ़ मुकाम रावतभाटा के कार्यालय में करवाया गया है तथा इसके उपरांत श्रीमती कला बाई, श्रीमती मीना, श्रीमती संगीता, श्रीमती तारा बाई द्वारा उक्त भूखंड में अपना हक जरिये पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 07.12.2023 के द्वारा आवेदक श्री कैलाशचन्द्र पिता स्व. श्री पुनमचन्द एवं श्री सुरेशचन्द्र व श्री संजु कुमार पिता स्वर्गीय पुनमचन्द निवासी रावतभाटा के पक्ष में किया गया है। जिसके प्राप्त स्वामित्व के अधिकारों के तहत आवेदक द्वारा स्वयं एवं श्री सुरेशचन्द्र, श्री संजु कुमार के नाम से इस कार्यालय में निर्मित आवासीय भूखंड संख्या 193 का संयुक्त रुप से नामान्तरण/हस्तान्तरण दर्ज किए जाने हेतु स्वः प्रमाणित दस्तावेजों की प्रतियों प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है।

अतः प्रस्तुत दस्तावेजों व राज्यादेशों एवं नियमों के तहत इस निर्मित आवासीय भूखंड का नामान्तरण/हस्तान्तरण उपरोक्तानुसार दर्ज किए जाने में किसी हितधारी व्यक्ति/विभाग/संस्था/बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय साक्ष्य सबूत के अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे। **अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा**

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 3348 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 5.9.24

आवास संख्या 3-आई-4 तलवण्डी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री घनश्याम पुत्र श्री अमीर चन्द को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री घनश्याम पुत्र श्री अमीर चन्द द्वारा दिनांक 28.12.1994 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरांत श्री घनश्याम पुत्र श्री अमीर चन्द द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 18.07.1996 को श्री ओम प्रकाश निराला पुत्र श्री रामनारायण निराला को किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री ओम प्रकाश निराला पुत्र श्री रामनारायण निराला की मृत्यु दिनांक 21.11.2008 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती कुसुमलता पत्नी स्व. श्री ओम प्रकाश निराला एवं श्रीमती प्रियंका नामा पुत्री स्व. श्री ओम प्रकाश निराला पत्नी श्री शिवप्रकाश छीपा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 10.07.2024 को श्री रवि कुमार नामा पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश के पक्ष में किया गया। श्री रवि कुमार नामा पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-आई-4 तलवण्डी कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर श्री रवि कुमार नामा पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री रवि कुमार नामा पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री रवि कुमार नामा पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ-15/कु.भू.रू./2024/2269 **विज्ञप्ति** दिनांकः-6.9.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम देवली अरब में स्थित कृषि भूमि योजना उज्जवल विहार भूखंड संख्या डी-1 खसरा नं. 37 आवेदक/आवेदिका श्री जीवन मेवाडा पुत्र श्री लक्ष्मीचन्द मेवाडा निवासी म.नं. 58 लक्ष्मण विहार प्रथम कुन्हाड़ी कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 685 दिनांक 22.07.2013 को श्रीमती प्रीति नाथावत पत्नी श्री विजेन्द्र सिंह के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 05.11.2014 को लक्ष्मी चन्द मेवाडा पुत्र श्री मगनलाल को किया गया। जिसका नाम हस्तान्तरण आदेश क्रमांक 229 दिनांक 29.07.2015 से जारी किया गया। श्री लक्ष्मी चन्द मेवाडा द्वारा अपने जीवनकाल में रजि. वसीयत नामा दिनांक 09.09.2015 से आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री जीवन मेवाडा पुत्र श्री लक्ष्मीचन्द मेवाडा के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-1369 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांकः-6.9.24

नगर विकास न्यास कोटा की श्रीनाथपुरम-बी आवासीय योजना के भूखंड/आवास संख्या 999 का आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 06.10.1995 को श्री गिरिराज प्रसाद गोस्वामी पुत्र श्री टीकमलाल गोस्वामी को आवंटन किया गया था। आवंटी श्री गिरिराज प्रसाद गोस्वामी पुत्र श्री टीकमलाल गोस्वामी द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री प्रदीप यादव पुत्र श्री मुनीश्वर सिंह द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 12.09.2012 को श्रीमती शशि गौतम पत्नी श्री गोविन्द प्रसाद गौतम को विक्रय कर दिया गया है। अतः क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास को अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 999 योजना श्रीनाथपुरम-बी आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती शशि गौतम पत्नी श्री गोविन्द प्रसाद गौतम के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-1110 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांकः-6.9.24

नगर विकास न्यास कोटा की योजना विश्वकर्मा नगर ऑटोमोबाईल व्यवसायिक के भूखंड/आवास संख्या 650 मै. सांची मोटर्स प्रो. श्री दिनेश टुटेजा पुत्र श्री कन्हैया लाल को आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 14.12.2000 के द्वारा आवंटन किया गया था। आवंटी मै. सांची मोटर्स प्रो. श्री दिनेश टुटेजा पुत्र श्री कन्हैया लाल द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री अकील अहमद पुत्र श्री शकील अहमद द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 29.10.2017 को श्री अब्दुल शकुर पुत्र श्री छोटे खान को विक्रय कर दिया गया है। अतः क्रेता श्री अब्दुल शकुर पुत्र श्री छोटे खान की मृत्यु दिनांक 24.11.21 को हो चुकी है। क्रेता द्वारा अपने जीवनकाल में अपने पुत्रों 1. शब्बीर हुसैन 2. सादिक हुसैन 3. शाहिद हुसैन 4. श्री जावेद हुसैन के नाम वसीयत निष्पादित कर रखी थी। वसीयत ग्रहिताओं द्वारा भी उक्त भूखंड का जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 28.02.2024 को श्री जकाउद्दीन पुत्र श्री जियाउद्दीन को विक्रय कर दिया गया है। अतः क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास अपने नामहस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः प्राप्त विधिक राय अनुसार जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 650 योजना विश्वकर्मा नगर ऑटोमोबाईल व्यवसायिक का नाम हस्तान्तरण श्री जकाउद्दीन पुत्र श्री जियाउद्दीन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

दिव्यांगजनों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा

कोटा, (निसं)। जिले में दिव्यांगजनों को डिजिटल प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जारी करवाने के लिए 20 सितम्बर से पंचायत समिति मुख्यालयों पर यूडीआईडी (दिव्यांगजन कल्याण) शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी ने बताया कि 20 सितम्बर को पंचायत समिति लाडपुरा, 24 सितम्बर को सुल्तानपुर, 27 सितम्बर को सांगोद, 8 अक्टूबर को खैराबाद एवं 9 अक्टूबर को इटावा पंचायत समिति में प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक शिविर संबंधित पंचायत समितियों के सभागार में आयोजित किए जाएंगे।

इन शिविरों में 0 से 6 वर्ष की आयु तक के दिव्यांग बालक-बालिकाओं का दिव्यांगता पंजीयन किए जाएंगे, 6 से 18 वर्ष की आयु तक के बालक-बालिकाओं को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में ई-मित्र के माध्यम से लाभान्वित करवाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत् विशेष योग्यजन को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में ई-मित्र के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा। दिव्यांगजनों को स्वावलम्बन पोर्टल पर पंजीयन प्रक्रिया के लिए कम्प्यूटर या ई-मित्र एवं अन्य योजना में आवेदन करने सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। शिविर में दिव्यांगजनों को स्वावलम्बन पोर्टल पर आवेदित पंजीयन के प्रमाणीकरण के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति कर ऑनलाइन दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करवाए जाएंगे, दिव्यांगजनों को बस पास जारी करवाए जाएंगे तथा दिव्यांगजनों को विकलांग छात्रवृत्ति, पेंशन, स्वरोजगार के लिए मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार योजना, सुखद दाम्पत्य योजना, उपकरण सहायता आदि के आवेदन भरवाए जाएंगे।

पार्षद उप चुनाव में कांग्रेस जीती

कोटा, (निसं)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने बताया की नगर निगम कोटा उत्तर के वार्ड 36 में कांग्रेस पार्षद के असामयिक निधन हो जाने के कारण निर्वाचन विभाग द्वारा नगर निगम कोटा उत्तर के वार्ड 36 के उपचुनाव हुआ जिसका आज मतगणना हुई।

तीनो राउण्डों की काउंटिंग के साथ कांग्रेस प्रत्याशी राशिद खान को 1790 व भाजपा प्रत्याशी को मात्र 418 वोट मिले जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी राशीद खान ने 1372 वोटो से जीत दर्ज की। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने जिला कलेक्टर कार्यालय में मतगणना स्थल पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशी राशीद खान को माला पहनाकर बधाई व शुभकामनायें दी। त्यागी ने बताया की भाजपा की कलाई खुल चुकी है और जनता ने उन्हे नकार दिया है राजस्थान में आज जहाँ-जहाँ भी निकायो के चुनाव हुये है ज्यादातर जगहों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है और जनता का रूझान यह बताता है कि जनता ने भाजपा का शासन को नकार दिया है।

राजस्थान में भाजपा सरकार को लगभग एक वर्ष होने वाला है लेकिन राज्य में सरकार नाम की कोई चीज ही नही दिख रही आये दिन लूट-खसोट, महिलाओं के साथ अत्याचार, जैसे अनेक अपराध हो रहे है और भाजपा सरकार अपराधिओं पर लगाम नही लगा पा रही है जनता भाजपा की झूठ और लूट को समक्ष चुकी है।

कोटा निगम पार्षद उपचुनाव में कांग्रेस ने जीत का जश्न मनाया।

सारस्वत ब्राह्मण महिला विकास समिति ने नंदोत्सव मनाया

कोटा, (निसं)। सारस्वत ब्राह्मण हितकारी समिति के अंतर्गत संचालित सारस्वत ब्राह्मण महिला विकास समिति की ओर से नंदोत्सव मनाया गया। समाज के कैथूनीपोल मोखापाड़ा स्थित भगवान चतुर्भुज नाथ मंदिर पर समाज की महिलाएं एकत्रित हुई और यहां नंदोत्सव के भजन गाए गए। इस दौरान आकर्षक झांकी सजाई गई। महिलाओं ने गीतों पर उत्साह के साथ नृत्य किया। बच्चों को कान्हा की वेशभूषा में लाया गया तथा कृष्ण लीलाओं पर आकर्षक नृत्य किया। इस दौरान राधा-कृष्ण बनकर आई महिलाओं ने भी प्रस्तुतियां दी। समाज के अध्यक्ष मुकेश सारस्वत ने बताया कि महिला विकास समिति के सदस्यों द्वारा लगातार हर अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कोटा में सारस्वत समाज की महिलाओं ने नंदोत्सव आयोजित किया।

केरला संपर्क क्रांति ट्रेन में लाखों की चोरी हुई

- चोरी गए सामान में सोने के दो कडे, लॉकेट, चैन, कान का सेट, दो अंगूठी, चांदी की पायल, चांदी के डंडे सहित अन्य सामान थे

कोटा (निसं)। कोचुवेली से चंडीगढ़ जाने वाली ट्रेन नंबर 12217 केरला संपर्क क्रांति से लाखों रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। यह माल कोटा से चढ़े दंपती का था। दंपती ट्रेन के सेकंड एसी कोच में थे।

इस संबंध में उन्हें दिल्ली के करीब सूटकेस गायब होने का पता लगा। उसके बाद उन्होंने पहले तो ऑनलाइन शिकायत की और फिर बाद में ऑफलाइन भी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित दंपती का कहना है कि उनके करीब साढ़े सात लाख रुपए का सोना और अन्य सामान गायब हुए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ट्रेन में कोई आरपीएफ का गार्ड भी सिक्योरिटी के लिए मौजूद न